
# कैंडिडा ऑरिस



## अस्पतालों में फैलने वाला एक ऐसा रोगाणु जिन पर दवाओं का असर नहीं होता

### *कैंडिडा ऑरिस* क्या होता है?

*कैंडिडा ऑरिस* या संक्षेप में *सी. ऑरिस* नाम का यह रोगाणु एक तरह का फंगस (जिसे यीस्ट भी कहा जाता है) होता है, जिससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं और यह अस्पतालों में मरीज़ों के बीच आसानी से फैलता है। *सी. ऑरिस* से कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं, जिनमें मामूली (त्वचा) संक्रमण से लेकर खून में होने वाले गंभीर एवं जानलेवा संक्रमण शामिल हैं।

### कॉलोनाइज़ेशन का क्या मतलब है?

मरीज़ *सी. ऑरिस* से पीड़ित हो सकते हैं। कॉलोनाइज़ेशन का मतलब है कि लोगों के शरीर पर *सी. ऑरिस* मौजूद तो होता है लेकिन उनमें बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखते। इस कॉलोनाइज़ेशन कई महीनों या सालों तक जारी रह सकता है।

### *सी. ऑरिस* को एक समस्या क्यों माना जाता है?

अगर सही तरीके से सफाई न की जाए तो *सी. ऑरिस* स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के हाथों, उपकरणों और सतहों के माध्यम से अस्पतालों या उपचार केंद्रों में एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में जल्दी फैल सकता है। *सी. ऑरिस* की प्रयोगशालाओं में पहचान करना मुश्किल होता है, साथ ही इन पर अक्सर इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाली कई दवाओं का असर नहीं होता है। इससे निपटने के लिए विशेष सफाई उत्पादों की ज़रूरत होती है। *सी. ऑरिस* से होने वाले संक्रमण का इलाज करना मुश्किल हो सकता है और इससे मृत्यु भी हो सकती है। *सी. ऑरिस* के गंभीर संक्रमण वाले लगभग 30-60% मरीज़ों की मृत्यु हो जाती है।

### *सी. ऑरिस* से संक्रमित होने का अधिक जोखिम किसे है?

*सी. ऑरिस* मुख्य रूप से पुरानी, गंभीर बीमारी वाले मरीज़ों को प्रभावित करता है। जो लोग बहुत बीमार रहे हैं और अस्पतालों में बहुत समय बिताया हो, उनमें *सी. ऑरिस* के संक्रमण का खतरा सबसे ज्यादा होता है। शरीर के अंदर डाले जाने चिकित्सा उपकरणों (श्वास नलिका, भोजन नलिका, कैथेटर आदि) का इस्तेमाल करने वाले मरीज़ों में संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है।

### *सी. ऑरिस* मरीज़ों में कैसे फैलता है?

*सी. ऑरिस* से संक्रमित या इससे प्रभावित मरीज़ अपनी त्वचा कोशिकाओं और शरीर के तरल पदार्थों के माध्यम से रोगाणुओं को फैला सकते हैं। *सी. ऑरिस* स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों, कपड़ों और अस्पताल में मौजूद अन्य वस्तुओं जैसे कि दरवाजे के हैंडल, बिस्तर की रेलिंग, स्टेथोस्कोप, रक्तचाप मापने वाली कफ और थर्मामीटर को संदूषित कर सकता है। साथ ही यह तेजी से दूसरे मरीज़ों में फैल सकता है।

### हम *सी. ऑरिस* को फैलने से कैसे रोक सकते हैं?

अस्पतालों में *सी. ऑरिस* को फैलने से रोकने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को निम्नलिखित काम करने चाहिए:

- वे समझें कि रोगाणु कैसे फैलते हैं और सुनिश्चित करें कि वे कपड़ों, हाथों या उपकरणों के माध्यम से दूसरे मरीज़ों तक न पहुंचें।
- मरीज़ों की देखभाल करने या मरीज़ के कमरे में रखी चीज़ों को छूने से पहले और बाद में हाथ धोएं या उन्हें सैनिटाइज़ करें।
- संक्रमण फैला सकने वाले मरीज़ों की देखभाल करते समय उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें - इसमें आमतौर पर गाउन और दस्ताने शामिल होते हैं।
- उन क्षेत्रों को डिसिन्फ़ेक्ट करने के लिए असरदार सफाई उत्पादों का इस्तेमाल करें जो सी. ऑरिस रोगाणुओं से दूषित हो सकते हैं। अमेरिकी Environmental Protection Agency (EPA, पर्यावरण संरक्षण एजेंसी) उन कीटाणुनाशकों की सूची बनाती है जो सी. ऑरिस के खिलाफ प्रभावी हैं (EPA सूची P देखें) (अंग्रेज़ी में)

- मरीज़ो पर इस्तेमाल करने से पहले और बाद में उपकरण को साफ और डिसिन्फ़ेक्ट करें।

अपने घर में *सी. ऑरिस* को फैलने से रोकने के लिए आपको और आपके परिवार को साफ-सफाई की अच्छी आदतें अपनानी चाहिए:

- अपने हाथ हमेशा साबुन और पानी से साफ करें:
    - खाना बनाने या खाने से पहले।
    - बाथरूम का इस्तेमाल करने के बाद।
    - किसी भी घाव या चिकित्सा उपकरण को छूने से पहले और बाद में।
- अपने व्यक्तिगत देखभाल के सामान जैसे तौलिये और वॉशक्लॉथ, दूसरों को इस्तेमाल करने को न दें।
- हो सके तो अपने किसी घाव को पट्टी से ढकें।
- आपके घर में किसी विशेष सफाई की ज़रूरत नहीं है:
    - आपके कपड़े घर के बाकी कपड़ों के साथ सामान्य तरीके से धोए जा सकते हैं।
    - आपके खाने के सभी बर्तन वैसे ही धोए जा सकते हैं, जैसे कि आप आमतौर पर धोते हैं।
- आपको अपने पालतू जानवरों के साथ कोई विशेष सावधानी बरतने की ज़रूरत नहीं है।

अगर आप ऐसे लोगों के साथ रहते हैं या उनके उनके साथ बेहद करीब के संपर्क में हैं, जिनके शरीर में चिकित्सा उपकरण लगे हों, उन्हें कोई घाव हो या उनकी इम्यूनिटी कमजोर हो तो मार्गदर्शन के लिए कृपया उनके प्राथमिक चिकित्सा प्रदाता से बात करें या अपने स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (अंग्रेज़ी में) को कॉल करें।

## *सी. ऑरिस* के लिए किसे परीक्षण करवाना चाहिए?

अगर कोई मरीज़ *सी. ऑरिस* से संक्रमित या उससे प्रभावित किसी व्यक्ति के संपर्क में आया हो तो सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग उन मरीज़ों को *सी. ऑरिस* के लिए परीक्षण कराने की अनुरोध करता है। परीक्षण यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि उनके शरीर पर *सी. ऑरिस* रोगाणु मौजूद है या नहीं।

## क्या स्वास्थ्य कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को *सी. ऑरिस* की पुष्टि के लिए परीक्षण करवाना चाहिए?

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग परिवार के स्वस्थ सदस्यों या उन स्वास्थ्यकर्मियों के परीक्षण का अनुरोध नहीं करता है जो *सी. ऑरिस* से पीड़ित मरीज़ों की देखभाल करते हैं। आमतौर पर, स्वस्थ लोगों को *सी. ऑरिस* से कोई खतरा नहीं होता है और उन्हें परीक्षण की ज़रूरत नहीं होती है। हालांकि, अगर कोई व्यक्ति *सी. ऑरिस* के संक्रमण से बीमार हो जाता है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो अस्पताल उनके घरेलू संपर्कों का परीक्षण करवा सकती है।

Washington State Department of HEALTH

**DOH 420-464 October 2024 Hindi**

इस दस्तावेज़ का अनुरोध अलग प्रारूप में करने के लिए 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या doh.information@doh.wa.gov पर ई-मेल करें।